दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 177 | छतरपुर, गुरूवार 23 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


## स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में करें पूर्ण- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### -मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें

### -स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार और सहज उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय प्रगतिरत परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने और साथ-साथ फर्नीचर, उपकरण और मैनपावर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ इन सभी पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है ताकि परियोजनाएं पूर्ण होते ही सेवाओं का प्रदाय किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना के कार्य सीधे आम जनता से जुड़े हैं, इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा किया जाये। उन्होंने सभी कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन प्रगति एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

***आगामी 2 वर्षों में तैयार होंगे 8 नवीन मेडिकल कॉलेज***

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं.इन कार्यों को आगामी 2 वर्षों में पूर्ण करने के लिये योजनाबद्ध रूप से कार्य करें और नियमित मॉनिटरिंग करें। किसी भी प्रकार की समस्या को तुरंत संज्ञान में लायें ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके। प्रशासनिक उदासीनता से कार्य की प्रगति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये। ताकि एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) से अनुमोदन प्राप्त कर मेडिकल कॉलेजों का संचालन शीघ्र शुरू हो सके।

***सिंहस्थ-2028 के पहले प्रारंभ हो मेडिकल कॉलेज उज्जैन***

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सिंहस्थ 2028 के पूर्व उज्जैन मेडिकल कॉलेज का संचालन चालू हो इसके लिए निर्माण कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए.यह कार्य एमपी बीडीसी द्वारा किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज राजगढ़, छतरपुर, दमोह, मंडला,सिंगरौली, श्योपुर और बुधनी के साथ-साथ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल छिंदवाड़ा कार्यों की प्रगति की उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गहन समीक्षा की.इनमें से 2 कार्य ब्रिज एंड रूफ, 3 बीडीसी और 3 पीआईयू द्वारा किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने इन सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा मेडिकल कैंपस में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत चिकित्सकीय स्टाफ के लिए बनाए जा रहे 32 आवासीय भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मैहर जिला चिकित्सालय और रीवा में 200 बेड के कैंसर यूनिट के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग और अन्य एजेंसियों द्वारा क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वयं किये जा रहे कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किये जायें। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में 7928 करोड़ रुपये के 3558 कार्य विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा किए जा रहे हैं। जिनमें से 403 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 1701 कार्य प्रगतिरत हैं। इनमें से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2426 करोड़ रुपये के 2778 कार्य किए जा रहे हैं। इनमें से 283 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, और 1165 कार्य प्रगतिरत हैं।

मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा 2475 करोड़ रुपये के 73 कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें से 62 कार्य प्रगतिरत हैं और 8 कार्यों के लिए निविदा जारी की गई है। पीआईयू (लोक निर्माण विभाग) द्वारा 1799 करोड़ रुपये के 364 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 53 कार्य पूर्ण और 273 कार्य प्रगतिरत हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा 462 करोड़ रुपये के 257 कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें 49 कार्य पूर्ण और 169 कार्य प्रगतिरत हैं। पुलिस हाउसिंग द्वारा 733 करोड़ रुपये के 68 कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें से 18 कार्य पूर्ण और 35 कार्य प्रगतिरत हैं। बैठक में विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, एमडी एमपी बीडीसी डॉ. पंकज जैन, सीईओ आयुष्मान एवं संचालक (प्रोजेक्ट) डॉ. योगेश भरसट और संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यायालय के आदेश पर अतिथि शिक्षक भर्ती घोटाले में 19 शिक्षकों पर मामला दर्ज

छतरपुर। राजनगर न्यायालय के आदेश पर अतिथि शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजनगर एमके त्रिपाठी सहित 19 शिक्षकों पर राजनगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में अतिथि शिक्षकों की भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया था जिसकी शिकायत रविन्द्र मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों से की गयी थी। विभागीय जांच में दोषी पाये जाने के बाद उक्त फर्जी अतिथि शिक्षकों की वेतन तो रोक दी गयी लेकिन आगे की कार्रवाई को ठंडे वस्ते में डाल दिया गया लिहाजा शिकायतकर्ता इस मामले को राजनगर न्यायालय में ले गये। न्यायालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये न केवल दोषी शिक्षकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये हैं अपितु पुलिस द्वारा की गयी विवेचना को न्यायालय में प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया गया है। न्यायालय के इस आदेश से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने सही तरीके से जांच की तो और भी अधिकारी इस फर्जीवाड़े में फंस सकते हैं।

## चार बहनों के इकलौते भाई की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

### गंभीर रूप से घायल हुआ साथी ग्वालियर में भर्ती, गांव में छाया मातम

हरपालपुर। बीती शाम नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊसहानियां के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में ग्राम गुढ़ौ निवासी चार बहनों के इकलौते भाई की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृतक का एक साथी घायल भी हुआ है, जिसका ग्वालियर में इलाज जारी है। वहीं इस दुखद खबर से गुढ़ौ गांव में मातम छाया हुआ है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुढ़ौ निवासी सूरज सिंह यादव का इकलौता पुत्र अरुण प्रताप सिंह उर्फ लला यादव अपने दोस्त सुरेन्द्र यादव के साथ जिला न्यायालय में पेशी के लिए छतरपुर गया था। यहां से वापिस घर आने के दौरान मऊसहानियां के पास शाम करीब 7 बजे उसकी बाइक को एक तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अरुण की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका साथी सुरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हुआ। घटना के बाद सुरेन्द्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत ही ग्वालियर रेफर कर दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद जब अरुण का शव गुढ़ौ गांव पहुंचा तो हर व्यक्ति की आंख नम हो गई। घर में बिलख रहे माता-पिता, चार बहनों, पत्नी और पुत्र-पुत्री की पीड़ा देखकर हर कोई भावुक हो उठा।

## बकस्वाहा में ओलंपियाड परीक्षा का द्वितीय स्तर संपन्न, 368 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा– प्रधानमंत्री श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वकस्वाहा में आयोजित ओलंपियाड परीक्षा के द्वितीय स्तर में इस बार कुल 368 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों के विभिन्न पारियों में प्राथमिक से लेकर माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह परीक्षा जिला स्तर पर आयोजित की गई, जबकि पहले स्तर की परीक्षा जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर हुई थी।

जिला स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में चयनित छात्र राज्य स्तर की परीक्षा में भाग लेंगे। केन्द्राध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि द्वितीय स्तर की परीक्षा दो दिनों में चार पारियों में संपन्न हुई। इस अवसर पर विकास खंड के सभी बीएसी और सीएसी ने परीक्षा की समुचित व्यवस्था की, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न न हो।

परीक्षा की निगरानी में सहायक जिला परियोजना समन्वयक श्री द्विवेदी और विकास खंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक श्री चंद्र विजय बुंदेला भी उपस्थित रहे। उन्होंने परीक्षार्थियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी और समग्र परीक्षा प्रक्रिया की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

***परीक्षा केन्द्र प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया की***

यह ओलंपियाड परीक्षा छात्रों को उनके शैक्षिक कौशल को जांचने और विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। राज्य स्तर तक की प्रतियोगिता में चयनित छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहे ।

## राम दरवार प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अखंड रामधुन संकीर्तन का आयोजन

### समापन पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर– नगर के प्राचीन झिंनन कुटी हनुमान मंदिर में विराजमान श्री राम दरवार की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के एक दिन पहले मंगलवार को अखंड रामधुन संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंगलवार की दोपहर 12 बजे पंडित विष्णु कुमार दीक्षित जी महाराज



द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संगीतमय रामधुन संकीर्तन अनुष्ठान आरम्भ किया गया। अखंड रामधुन के अवसर पर सीताराम राधेश्याम के स्वरों से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल से गुंजायमान हो गया। बुधवार 22 जनवरी श्रीराम दरवार प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ दिवस पर अखंड रामधुन संकीर्तन का समापन किया गया। विधिवत मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन उपरांत प्रसाद बितरण किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजक झिंनन कुटी सुन्दरकाण्ड मण्डली के सदस्य नरेंद्र गुप्ता दद्दा ने बताया कि यह आयोजन श्री राम दरवार प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने के उपरांत वर्षगाँठ के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमे सभी भक्तगण मंदिर में पधार कर दर्शनलाभ लें और प्रसाद ग्रहण करें।

## पालतू कुत्ते को भगाने से नाराज लोगों ने युवक को पीटा

छतरपुर। गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गहबरा में पालतू कुत्ते को भगाने से नाराज लोगों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। गहबरा निवासी भवगती अहिरवार ने बताया कि बीते रोज उसका पति रामगुलाम अहिरवार उम्र 31 वर्ष अपनी साईकिल से जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में भूरा कुशवाहा के पालतू कुत्ते ने भौंकना शुरु कर दिया। डर के कारण रामगुलाम ने कुत्ते को डंडा मारकर भगा दिया, जिससे भूरा कुशवाहा नाराज हो गया। इसके बाद भूरा कुशवाहा ने रामगुलाम को बातों में उलझाकर पहले शराब पिलाई और इसके बाद अपने साथी बच्चू कुशवाहा और शंकर कुशवाहा के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की। मारपीट के कारण रामगुलाम के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद रामगुलाम को लवकुशनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से अब उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### मुख्यमंत्री के आदेशों की उड़ायी जा रही धज्जियां

# दबंग लोग गुट बनाकर महीनों से बेसहारा महिला को कर रहे परेशान

### पुलिस अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



**परशुराम**

परिहार गर्जना न्यूज। निराला एस्टेट, ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश अनुसार प्रदेश की किसी भी बहू बेटी और अबला नारी के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए ग्रेटर नोएडा के निराला स्टेट सोसाइटी के कुछ दबंग किस्म के रईस लोग गुट बनाकर पिछले कुछ महीने से एक बेसहारा महिला को बेहद ही परेशान कर रहे हैं. पुलिस अधिकारियों को 5 से 8 शिकायती पत्र देने के बावजूद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. उल्टे निराला स्टेट फेस टू टावर चौकी प्रभारी भी पीड़ित महिला का उत्पीड़न करने पर तुले हुए हैं. मामला प्रीति गुप्ता निराला एस्टेट फेज 2 टावर 26 अपार्टमेंट नंबर 2103 नियर हनुमान मुखी मंदिर का है जहां के लोग एक गुट बनाकर इस पीड़ित महिला को पिछले 4 महीने से इसके बच्चे के साथ परेशान कर रहे हैं. हद की बात तो यह है कि सोसाइटी के रईस लोग पुलिस अधिकारियों को मोटी रिश्वत देकर उल्टे मुझे धमकाने मेरे घर तक आ जाते हैं. मेरे छोटे बच्चों के मुंह पर वहीं के गणेश ओझा ने नाखूनों से वार कर उसे घायल तक भी कर दिया था. आगे उन्होंने बताया की सोसाइटी के चंदन, सूरज, सौरभ राहुल, आयरन, परमित, अभिजीत, संगीता खन्ना, यामिनी कॉल, अनुभव, खेमराज सिंह, अवनीश सिंह मेंटेनेंस हेड अक्षय निशांत, सुमन झा अनुज शर्मा, नरवीर, शिखा मिश्रा, अनिल कुमार, राकेश चतुर्वेदी हाथ धोकर मेरे व मेरे बच्चे की जान के पीछे पड़े हुए हैं. इन्होंने प्रोटोकॉल की नियमानुसार का शब्द लगाकर मेरी जिंदगी में भूचाल लाकर मेरी जिंदगी तहस-नस करने पर तुले हुए हैं. आगे उन्होंने बताया कि पिछले 4 महीने से यह लोग मुझे परेशान किए हुए हैं मेरे घर की बिजली 9 दिसंबर से 14 दिसंबर 2024 तक काट दी गई थी जो आज तक भी कटी हुई है. अचानक एक दिन मुझे एक



शीशा टूट गया था तो 55000 मेरे से डेबिट कार्ड के जरिए वसूल लिए गए. कभी मेरे बच्चे की साइकिल चोरी कर ली जाती है तो कभी गणेश ओझा वही के मेंटेनेंस होल्डर अवनी सिंह के द्वारा मेरे बच्चे वह मेरे साथ जानलेवा हमला कराया जाता है. प्रीति गुप्ता ने कहा कि 8 से 10 शिकायती पत्र पुलिस अधिकारियों को दिए जाने के बावजूद भी आज तक मुझे इंसाफ नहीं मिला. डीसीपी साहब को भी आवेदन पत्र देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई. क्या प्रदेश के मुख्यमंत्री जी इस अबला लाचार नारी की पुकार सुनकर इन्हे इंसाफ दिला पाएंगे या फिर सोसाइटी के यह दबंग लोग इस महिला को लाचार व अकेला पाकर ऐसे ही अत्याचार करते रहेंगे.

## निवार में प्राचीन जैन मंदिर में स्थापित की गई दो जिनेंद्र प्रतिमा, धार्मिक उल्लास का माहौल

### सुरेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, विमलेन्द्र कुमार फुसकेले परिवार को मूर्ती रखने का मिला सौभाग्य





परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। जनपद क्षेत्र वकस्वाहा के ग्राम पंचायत निवार मे स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में 1008 भगवान शांतिनाथ और 1008 पार्श्वनाथ भगवान की दो भव्य मूर्तियों की प्रतिष्ठापना विधिपूर्वक की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास का वातावरण था और क्षेत्रीय जैन समाज ने इस दिव्य क्षण को बड़े श्रद्धा भाव से मनाया।

शाहगढ़, जिला सागर में 15 से 20 जनवरी तक आयोजित श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के दौरान इन मूर्तियों की प्रतिष्ठापना का सौभाग्य दो सम्मानित परिवारों को प्राप्त हुआ। भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठित करने का गौरव भोपाल से पधारे सुरेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, विमलेन्द्र कुमार फुसकेले परिवार निवार बालो को प्राप्त हुआ, जबकि भगवान शांतिनाथ की मूर्ति प्रतिष्ठापित करने का सौभाग्य त्रिलोक चंद्र और विजय कुमार जैन परिवार (निवार निवासी) को प्राप्त हुआ।

पंचकल्याणक महोत्सव के पांच दिवसीय अनुष्ठान के बाद, बुधवार को इन दोनों मूर्तियों का प्रतिष्ठापन निवार स्थित प्राचीन जैन मंदिर में बड़े श्रद्धा भाव से किया गया। इस अवसर पर पार्श्वनाथ विधान, श्रीजी का जिनाभिषेक भी विधिपूर्वक संपन्न हुआ। मूर्तियों की प्रतिष्ठापना में पंडित अशोक कुमार जैन (बम्होरी), पंडित वीरचंद जैन (नरवां), और पंडित संतोष कुमार जैन (कारीटोरन) का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

स्थानीय एवं क्षेत्रीय समाज के लोग इस धार्मिक आयोजन में साक्षी बने, जिन्होंने इस अवसर पर भगवान की पूजा-अर्चना की और समर्पण की भावना से मंदिर में उपस्थित हो कर अपने आशीर्वाद की वर्षा की। यह अनुष्ठान न केवल निवार गांव के जैन समाज के लिए, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का क्षण साबित हुआ।

# जब जो भी कार्यकर्ता पुकारेगा जिला अध्यक्ष के नाते हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा रहूंगा - श्याम तिवारी




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मोतीनगर चौराहे से बड़ा बाजार तीनबत्ती राधा तिराहा होते हुए भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की स्वागत रैली निकली। जिसमें बड़ी संख्या में जिले भर से आये कार्यकर्ता शामिल हुए। स्वागत रैली में बुंदेली परंपरा का समावेश रहा। रैली में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक इंजी प्रदीप लारिया, विधायक वीरेंद्र सिंह, निर्मला सप्रे, प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठीया,नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार रथ पर सवार रहे।

स्वागत रैली का विभिन्न मार्गो में कार्यकर्ताओं ने कतारबद्ध होकर जिला अध्यक्ष पर पुष्पों की वर्षा की। छतों से, गैलरी से, स्वागत मंचों से कार्यकर्ताओं व आमजनों ने पुष्पों की वर्षा की। इस दौरान शहर में 70 से अधिक स्वागत मंच व जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गये थे। स्वागत रैली का विभिन्न समाज के लोगों ने जिला अध्यक्ष का आत्मीय अभिनन्दन किया। स्वागत मार्ग पर पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों व आम नागरिकों, शहरवासियों ने जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी व अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। स्वागत रैली में डीजे और बैंड बाजों की धुन पर कार्यकर्ता नाचते दिखे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारे से शहर गुंजायमान हुआ। रैली में पांच रथों के साथ सैकड़ों चार पहिया वाहन और हज़ारों कार्यकर्ता रैली के साथ अंबेडकर चौराहे आयोजित सभा स्थल के मंच पर पहुंचे। जहां बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माल्य अर्पित कर सभा शुरू की गई।

आभार सभा को पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठीया ने संबोधित करते हुए कहा कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम भैया के नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी और कार्यकर्ताओं को उनके कुशल नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलएगा। विधायक जैन ने कहा की हमारे लाडले और परम स्नेही नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी लंबा सफर तय करके आये हैं। इसलिए आप सभी नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष का जोरदार तालियों से स्वागत कीजिये। उन्होंने कहा कि मप्र का नहीं बल्कि पूरे देश का यह एक मात्र जिला होगा। जहां निव्रित्तमान जिला अध्यक्ष ने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष की स्वागत रैली के लिए प्राण प्रण से जुटकर भव्य एवं अद्भुत तैयारियों का सैंयोजन किया है। श्याम तिवारी जी हम सभी के नेताभइन जिनके नेतृत्व में हम सभी एक साथ मिलकर संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

– नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप जहां कहेंगे जिला अध्यक्ष होने के नाते जो कार्यकर्ता मुझे पुकारेगा में उसके साथ वहां खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि जब निवरित्तमान अध्यक्ष गौरव सिरोठिया जी के साथ हम भोपाल गए तो प्रदेश अध्यक्ष जी हमारी फोटो ले रहे थे। उन्होंने कहा कि एक निवरित्तमान जिला अध्यक्ष और नव नियुक्त जिला अध्यक्ष के साथ खडा है। ऐसा ही मुख्यमंत्री जी के समक्ष पहुंचने पर हुआ। उन्होंने मिठाई हम दोनों कजनक साथ खिलाई। यह भारतीय जनता पार्टी के संस्कार हैं। हमारी भाजपा सरकार सेवा का काम कर रही है और करते रहना है। आपके स्नेह और प्यार के लिए अभिभूत हूँ।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन परवाह थीम पर जनवरी माह में यातायात पुलिस सागर द्वारा किया जा रहा है। जिसमें श्रीमान पुलिस अधीक्षक सागर महोदय के निर्देशन में आज दिनांक 22 जनवरी 2025 को थाना यातायात कटरा में वाहन चालकों हेतु निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सवारी ऑटो, सवारी ई रिक्शा , स्कूल/सवारी बस चलाने वाले वाहन चालकों की आंखों का चेकअप एवं स्वास्थ्य परीक्षण इंदिरा नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर श्री शुभम नामदेव, उनके सहायक अशोक अहिरवार एवं महेंद्र सेन द्वारा किया गया एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की गई । थाना प्रभारी यातायात मोहन सिंह ठाकुर एवं उनके स्टाफ द्वारा समस्त वाहन चालकों को हिदायत दी गई ,कि समय-समय पर अपनी आंखों का टेस्ट करवाये ।जिससे कि उन्हे वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो ।जिससे कि सड़क दुर्घटना घटित ना हो। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें,तेज गति से वाहन ना चलाये, नशे की हालत में वाहन ना चलाये , क्षमता से अधिक सवारी ना भरे एवं यातायात नियमों का पालन करें।




## किसी भी स्थान पर कचरा एकत्रित न हो, व्यावसायिक क्षेत्रों में सिंगल यूज पॉलिथीन के उपयोग करने पर चालानी कार्रवाई करें -निगमायुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत किए जा रहे स्वच्छता के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी जोन प्रभारी अपने-अपने वार्डों में प्रतिदिन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें तथा वार्ड के सफाई दरोगा यह ध्यान रखें की किसी भी स्थान पर कचरे के ढेर न लगे पाए जाएं अन्यथा संबंधित सफाई दरोगा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जावेगी ।उन्होंने घनी आबादी वाले वार्डों में विशेष सफाई अभियान प्रारंभ करने के निर्देश दिए । निगमायुक्त ने कहा कि रेमकी के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिन स्थानों पर वार्डों की गलियों में कचड़ा गाड़ी नहीं पहुंच पाती है वहां से भी कचरा संग्रहण करने की व्यवस्था बनाएं जिससे गलियों में भी सड़क पर कचरा न रहे और स्वच्छता बनी रहे। निगमायुक्त ने कहा कि सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग न हो इसके लिए सभी बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण करें और सिंगल यूज पालीथीन का उपयोग करते हुए पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करें । निगम आयुक्त ने कहा कि जो लोग खुले में कचरा फेंकते हैं तथा गंदगी फैला रहे हैं ऐसे लोगों को चिन्हित करें और उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई करें।



# साफ-स्वच्छ और स्वस्थ्य वातावरण बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बोद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है - निगमायुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। साफ-स्वच्छ और स्वस्थ्य वातावरण बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बोद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।बच्चों को पढ़ने और खेलने के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार करें। उक्त निर्देश निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने बुधवार को एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री अम्बेडकर वार्ड के सामने निर्माणाधीन रोड के कार्यों के निरीक्षण के दौरान उक्त स्कूल में पहुंचकर प्रिंसिपल व स्कूल स्टॉफ को दिये। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने उक्त स्कूल में औचक पहुंच कर स्कूल की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं से स्वच्छता संवाद भी किया। उन्होंने स्कूल प्रांगण में गंदगी देखकर स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षकों और अन्य स्टॉफ से स्कूल की नीयमित साफ-सफाई की जानकारी ली और स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 व नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम अंतर्गत शहर में स्वच्छता के किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने प्रिंसिपल से कहा की स्कूल स्टॉफ को नित्य समय पर साफ-सफाई कराने हेतु निर्देशित करें। गंदगी में बच्चों को पढ़ाने और खेलने पर शिक्षा प्रभावित होगी। स्कूल परिसर से लगे रहवासी मकानों द्वारा स्कूल परिसर व आस-पास गंदगी फैलाने पर चिन्हित कर जुर्माना लगाने के भी निर्देश निगमकर्मियों को दिये। उन्होंने 8वी कक्षा तक संचालित इस स्कूल के बच्चों से भी स्वच्छता संवाद किया व पढ़ाई के साथ उनके कैरियर निर्माण की दिशा में रूचि जानी। उन्होंने बच्चों को साफ-सफाई से रहने के फायदे बताएं और उन्हें स्वच्छता अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया।



निगमायुक्त ने निर्माणाधीन रोड निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे चूने से पोतकर लिपाई कर रही महिला को देखा और उसके पास पहुंचकर महिला द्वारा स्वच्छता के कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा की पुराने समय से हमारी परम्पराओं में स्वच्छता का विशेष स्थान है हम सब मिलकर सागर को साफ-स्वच्छ और सुंदर शहर बनाएंगे। उन्होंने संगीत विद्यालय तिराहा रोड निर्माण, धर्मश्री बायपास चौराहा उन्नयन कार्य एवं एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री अम्बेडकर वार्ड के सामने निर्माणाधीन रोड के कार्यों का निरीक्षण किया एवं ठेकेदार एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिये।

## थाना कोतवाली पुलिस को मिली बढ़ी कामयाबी–

# अवैध कट्टा बेचने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह उजागर, पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी

## दो आरोपियों से तीन अवैध 315 बोर कट्टे एवं 315 बोर के 04 जिंदा कारतूस किये जब्त

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। अपराधों पर काबू पाने और अपराधियों को धर दबोचने में कोतवाली पुलिस को लगातार कामयाबियां मिल रही हैं। इतना ही नहीं कोतवाली क्षेत्र में की जा रही लगातार कार्रवाईयों के कारण इस इलाके में बदमाशों एवं अपराधियों में दहशत बनी हुई है। बीते दिनों एक लड़की को गोली मारे जाने के बाद से पुलिस लगातार इस मामले से जुड़े आरोपियों को खंगालने में जुटी रही। इस वारदात के बाद मुख्य आरोपी को दबोच लिया गया। वारदात से जुड़े अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने बाद जो मामला सामना आया है, वह और भी चौकाने वाला रहा। अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ़तार किया है, इस गिरोह के तार उत्तर प्रदेश के महोबा, मऊरानीपुर, मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध हथियार रखने एवं बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कोतवाली टीकमगढ़ पंकज शर्मा के नेतृत्व में 21 जनवरी 25 को अवैध शस्त्र लिये रितिक ऊर्फराजा रिछारिया तनय राकेश रिछारिया उम्र 24 साल निवासी मामौन दरवाजा टीकमगढ़ से एक अदद 315 बोर का कट्टा व 01 जिन्दा कारतूस जप्त कर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 48/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम किया। पुलिस ने जब इस आरोपी से पूंछतांछ की, तो अनेक चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आरोपी के द्वारा पूंछतांछ के दौरान बताने पर अवैध कट्टों का मुख्य बिक्रेता हरी शंकर तनय बाल मुकुन्द कुशवाहा उम्र 24 सान निवासी झांकारी थाना मऊरानीपुर जिला झांसी उत्तर प्रदेश, जो कि अवैध शस्त्रों का परिवहन करता था। साइबर सेल की सहायता से ढोंगा ग्राउण्ड टीकमगढ़ के पास दो अवैध 315 बोर के कट्टे एवं 03 कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर गिरोह के अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जायेगा। गिरोह के तार उत्तर प्रदेश के महोबा, मऊरानीपुर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से जुड़े हुए बताए गए हैं। जिन पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जायेगी।




***गिरफ्तार आरोपियों का विवरण–***

पुलिस के हवाले से मिली जानकारी में बताया गया है कि रितिक ऊर्फ राजा रिछारिया तनय राकेश रिछारिया उम्र 24 साल निवासी मामोन दरवाजा टीकमगढ़ 315 बोर का कट्टा व 01 जिन्दा कारतूस सहित पकड़ा गया। इसी प्रकार आरोपी हरी शंकर तनय बाल मुकुन्द कुशवाहा उम्र 24 सान निवासी झांकारी थाना मऊरानीपुर जिला झांसी उत्तर प्रदेश को दो अवैध 315 बोर के कट्टे एवं 03 कारतूस सहित दबोचा गया।

***इनकी मेहनत ने दिखाया रंग–***

कोतवाली पुलिस को मिली इस कामयाबी में पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई का कुशल निर्देशन जहां काम आया, तो वहीं कोतवाल पंकज शर्मा एवं उनकी टीम की मेहनत भी रंग लाई और कामयाबी हाथ लगी। बताया गया है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में अपराध को बढ़ावा देते आ रहे इन आरोपियों के हवालात तक आने से निश्चित ही अपराध में कमीं आ सकेगी। इस कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाने वालों में निरीक्षक पंकज शर्मा, सउनि मोहन पाण्डे, सउनि उदय राज सिंह, सउनि आरके रिछारिया, प्रधान आरक्षक मनीष सिंह, भरत लडिया, रती राम, आरक्षक गजेन्द्र, पंकज, राम कुमार, रिषि, तेजेन्द्र की विशेष भूमिका रही है। टीकमगढ़ पुलिस की उक्त अवैध हथयारों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## थाना चंदेरा पुलिस ने चलाया अभियान–

# यातायात नियमों की दी वाहन चालकों को जानकारी, कराया पालन

## जनता को जागरुक करने निकाली हेलमेट पहन कर बाइक रैली



***परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। यातायात नियमों की जानकारियां देने के लिए आकर्षक रथ सजाया गया। यह रथ थाना प्रभारी चंदेरा नीतू खटीक के निर्देशन में चंदेरा सहित आसपास के इलाकों में निकाला गया। रथ को देखने वालों का यहां तांता लगा रहा। लोगों ने यातायात नियमों को जानने में अच्छी खासी रूचि दिखाई। थाना प्रभारी नीतू खटीक ने यातायात नियमों के पालन में लापरवाही करने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और सभी से नियमों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यातायात के नियम लोगों की सुरक्षा के लिए ही बनाये गए हैं। नियमों को तोड़कर बहादुरी दिखाना अच्छी बात नहीं है, यह जोखिम भरा भी हो सकता है। थोड़ी सी लापरवाही में किसी की जान तक जा सकती है। सभी को चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें।***

थाना चंदेरा अंतर्गत कस्वाई इलाके में रथ को अपने बीच देखकर लोगों का हुजूम उमड़ा। इस दौरान थाना प्रभारी नीतू खटीक सहित अन्य कर्मचारियों ने यहां दुकानों पर एवं राहगीरों को पैम्पलेट सहित अन्य सामग्री वितरित कर लोगों को जागरूक किया। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्ग दर्शन में थाना चंदेरा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बाइक रैली निकाली गई, जिसमें यातायात रथ के साथ में थाना चंदेरा पुलिस स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चंदेरा पुलिस स्टाफ द्वारा लोगों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु समझाइस दी गई। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत दो पहिया वाहन में हेलमेट का प्रयोग और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु बताया गया। पम्पलेट वितरण किये गये। इसके साथ ही लोगों को यातायात के संबंध में जागरुक किया। उक्त कार्यवाही में उनि नीतू खटीक थाना प्रभारी चंदेरा ने लोगों की जिज्ञासाओं को भी दूर किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि पुलिस प्रशासन लोगों की भलाई के लिए ही इस तरह के आयोजन करता है। सड़कों पर होने वाले हादसों को कम करने और लोगों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान से लोगों को लाभ उठाना चाहिए। तेज रफ्तार वाहन चलाने का जोखिम नहीं उठाए, वाहन को धीमा और सावधानी पूर्वक चलाए। इतना ही नहीं किसी प्रकार का नशा करके वाहन चलाना स्वयं एवं दूसरों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध सख्ती से निबटा जाएगा। बताया गया है कि सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक यातायात रथ चंदेरा कस्वाई इलाके में निकाला गया। इसके साथ ही यह रथ ग्राम पेतपुरा, कछिया गुढ़ा के अनेक इलाकों से गुजरा और लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारियां दीं। हेलमेट लगाकर पुलिस कर्मचारियों ने रथ के साथ ही वाइक रैली भी निकाली। उन्होंने लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर थाना प्रभारी नीतू खटीक सहित उप निरीक्षक दयाराम चक्रवर्ती, सउनि करन सिहं यादव, प्रधान आरक्षक घनश्याम खटीक, बृजेश शर्मा, आरक्षक योगेन्द्र, भारतेन्द्र, अरविन्द यादव, आरक्षक वीरन यादव, आरक्षक गनेश निरंजन, आरक्षक मोहित यादव, आरक्षक दिनेश अहिरवार, आरक्षक कपिल परिहार, आरक्षक राजेश लोधी, आरक्षक काशीराम कुशवाहा, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा, रुचि जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीएम हैल्प लाइन मामलों का निराकरण करने वालों में सीएमओ दिलीप पाठक अब्बल

### नगर परिषद बड़ागांव धसान ने पाया जिले में प्रथम और प्रदेश में ग्यारहवां स्थान

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। यूं तो प्रदेश भर में शिकवा–शिकायतों का दौर सा चल गया है। कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोगों की समस्याओं एवं परेशानियों कीअनदेखी भी की जाती रही है, ऐसे में यदि कोई अधिकारी लोगों की परेशानियों एवं समस्याओं को गंभीरता से लेकर उन्हें दूर करने का प्रयास करता है, तो वह निश्चित ही सराहनीय है। जी हां हम बात कर रहे हैं बड़ागांव नगर परिषद के सीएमओ दिलीप पाठक की, जिन्होंने सक्रियता का परिचय देते हुए लोगों की समस्याओं को सुना ही नहीं, बल्कि उन्हें दूर करने में भी किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी। सीएमओ की सक्रियता एवं कर्मचारियों के सहयोग के कारण ही नगर परिषद बड़ागांव ने सीएम हैल्प लाइन के मामलों को लेकर जिले में प्रथम एवं प्रदेश में 11 वां स्थान हासिल किया है। यहां बता दें कि सीएम हैल्प लाइन शिकायतों के मामलों को लेकर प्रशासन एवं शासन लगातार निर्देशित करता आ रहा है। बताया गया है कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग आज जारी हुई। नगर परिषद बड़ागांव जिला टीकमगढ़ ने मध्य प्रदेश की सभी नगर पालिका, नगर परिषद में मध्यप्रदेश की सभी नगर पालिका, नगर परिषद में 11 वां नंबर प्राप्त किया। बताया गया है कि पूरे मध्यप्रदेश में सीएम हेल्पलाइन में 100 में 100 प्रतिशत शिकायत में नगर पालिका परिषद बड़ागांव जिला टीकमगढ़ द्वारा जिले में प्रथम स्थान एवं मध्य प्रदेश में 11वां स्थान सीएम हेल्पलाइन में बड़ागांव नगर परिषद द्वारा प्राप्त किया है। आज शासन द्वारा ग्रेडिंग जारी हुई। बताया गया है कि जिसमें नगर परिषद बड़ागांव जिला टीकमगढ़ को मध्य प्रदेश की सभी नगर पालिका में 11 वां स्थान प्राप्त हुआ है। जिले की सभी नगर पालिका में प्रथम स्थान सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त किया। बताया गया है कि नगर परिषद बड़ागांव मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप पाठक द्वारा लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। इस सफलता पर नगर परिषद बड़ागांव कर्मचारियों सहित नगर वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए सीएमओ श्री पाठक को बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री पाठक ने कर्मचारियों द्वारा नगर परिषद कार्यों में मिल रहे सहयोग एवं नागरिकों के सहयोग के लिए उनका भी धन्यावाद ज्ञापित किया है।



# धरम सागर तालाब पुराई को लेकर विरोध लगातार जारी

## प्रशासन तथा नगर पालिका मौन, लोगों में भारी आक्रोश







**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय में स्थित प्राचीन धरम सागर तालाब के अन्दर नगर पालिका के द्वारा एक करोड़ की लागत से महराज छत्रसाल की प्रतिमा लगाने के लिए तालाब को मिट्टी से पूरा जा रहा है तथा तालाब की प्राचीन संरचना को तोड़कर दिन रात तालाब की ही मिट्टी बिना किसी स्वीकृति के निकालकर डम्फर तथा जेसीबी के माध्यम से डाली जा रही है, अभी तक हजारो डम्फर मिट्टी तालाब मे पूर दी गई है जिससे तालाब का शुद्ध पेयजल बर्बाद हो रहा है, लोगो द्वारा उक्त बात को लेकर लगातार विरोध किया जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद प्रशासन तथा नगर पालिका के जिम्मेवारो पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जबकी तालाब की खोदाई बिना खनिज विभाग के अनुमति के खोदाई की जा रही है, तथा तालाब मे जहां पर मिट्टी डाली जा रही है, उसकी भी कोई स्वीकृति नहीं ली गई है तथा मनमाने ढंग से प्रशासन तथा नगर पालिका द्वारा उक्त कार्य कराया जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी के जिम्मेवार जन प्रतिनिधि भी मौन है, जब की उक्त मूर्ती तालाब के उपर या अन्य किसी सार्वजनिक स्थान पर लगाई जा सकती थी, जिसे बाहर से आने वाले लोग देख सकते थें। उक्त मामले को लेकर स्थानीय लोगो ने धरम सागर तालाब पंहुचकर विरोध जताया, समाजसेवीयों ने कहा कि यह प्रशासन तथा नगर पालिका की सरासर मनमानी है, जिनके द्वारा प्राचीन तालाब को नष्ट किया जा रहा है, क्योकि धरम सागर तालाब का गहरी करण तथा सोन्दर्यीय करण वर्ष 2016 में करोड़ो की लागत से जन सहयोग से तत्कालीन कलेक्टर शिवनारायण सिंह चौहान के नेत्रतव में किया गया था, जिसमे पन्ना नगर के सभी लोगो ने तन मन धन से सहयोग किया था, उसी तालाब को नष्ट किया जा रहा है। लोगो द्वारा दी गई प्रतिक्रियाए:- राजेश दीक्षित एडवोकेट वर्तमान समय में भ्रष्टाचारी नगर पालिका तथा मनमाना प्रशासन चल रहा है, जिनके द्वारा आम जनता तथा स्थानीय लोगो के विरोध से कोई लेना देना नहीं है, उन्हे सिर्फ कमीशन खोरी तथा शासकीय राशि हडपने से मतलब है, इसी लिए इस प्रकार के कार्य किये जा रहे है, प्राचीन धरमसागर तालाब को माटी डालकर पूरा जा रहा है, जो गलत है। योगेन्द्र भदोरिया प्रशासन तथा संस्थाओं को उक्त कार्य नहीं करना चाहीए जो जनता के हित में नहीं है, धरमसागर तालाब को मिट्टी से पूरना दूर्भाग्य पूर्ण है, प्राचीन संरचना को मिटाकर मनमाने ढंग से कार्य करना नगर पालिका की दबंगई है, प्रशासन तथा नगर पालिका लोगो की नहीं सून रहीं है। राम बिहारी गोस्वामी, धरम सागर की मेड़ तोड़ी गई तथा तालाब को पूरना गलत है, अन्य स्थान पर भी मूर्ती लगाई जा सकती थी, लेकिन यह सब कमीशन खोरी का काम चल रहा है, रेहान मोहम्मद पार्षद कांग्रेस पार्टी, यह गलत है महराजा छत्रसाल की मूर्ती लगाने का हम लोग विरोध नहीं कर रहे, लेकिन उक्त मूर्ती प्राचीन तालाब को पूर कर लगाया जाना उचित नहीं है अन्य स्थान पर भी मूर्ती लगाई जा सकती है, लेकिन प्रशासन तथा नगर पालिका मन माने ढंग से कार्य कर रहीं है, जिसका हम लोग लगातार विरोध कर रहें है। वैभव थापक पार्षद वार्ड पार्षद वैभव थापक ने कहा कि इस प्रकार की मनमानी कभी नहीं देखी जिस प्रकार से वर्तमान समय में प्रशासन तथा नगर पालिका द्वारा काम किया जा रहा है, धरम सागर तालाब को पूर कर अवैध रूप से मिट्टी खोदकर तालाब मे डालना उचित नहीं है, क्योकि तालाब से पेयजल की भी सप्लाई होती है। सुदीप श्रीवास्तव समाजसेवी, इस प्रकार प्राचीन तालाब को पूर कर मूर्ती लगाया जाना किसी भी स्थिती मे उचित नहीं है, धरम सागर तालाब का गहरी करण नगर के लोगो द्वारा श्रम तथा पैसे देकर कराया गया था, एवं उसी धरम सागर को नष्ट करना उचित नहीं है।

## दत्ता भास्कर सूर्यवंशी ने मालेगांव महाराष्ट्र से बनारस विश्वनाथ मंदिर तक की साइकिल यात्रा के दौरान श्री जुगल किशोर जी मंदिर के किये दर्शन लोगो ने किये स्वागत



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/महाराष्ट्र प्रदेश के शिवाजी नगर मालेगाव कैंप निवासी दत्ता भास्कर सूर्यवंशी मात्र 30 वर्ष की उम्र में साधारण सी साइकिल में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग दर्शन हेतु यात्रा पर निकले हैं। जिनकी यह प्रथम यात्रा विश्वनाथ काशी बनारस में अंतिम पड़ाव होगा। इसके उपरांत वह वापस मालेगांव के लिए यात्रा करेंगे। वह 21 जनवरी 2025 को पन्ना शहर मध्य प्रदेश के श्री जुगल किशोर जी मंदिर दोपहर 12:00 बजे दर्शन हेतु पहुंचे। जहां पर उन्होंने दर्शन उपरांत संक्षिप्त चर्चा में बताया कि वह अभी मालेगांव से धुले सिरपुर सेंधवा जुलवानिया इंदौर देवास सीहोर भोपाल विदिशा सागर छतरपुर से पन्ना पहुंचे हैं और अभी चित्रकूट के उपरांत बनारस विश्वनाथ काशी में दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने बताया कि रास्ते में कई धर्मात्मा लोग मिले जिन्होंने यात्रा में काफी सहयोग प्रदान किया है। यात्रा का एकमात्र लक्ष्य 12 शिवलिंग के दर्शन जिसमें से इस यात्रा में लगभग चार से ज्यादा शिवलिंग के दर्शन प्राप्त हो जाएंगे। इसके उपरांत दूसरी यात्रा करेंगे। साइकिल यात्रा से देश दुनिया का अनुभव प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में स्वस्थ रहते हुए ऐसी यात्राएं करते रहना चाहिए। दत्ता भास्कर सूर्यवंशी की साइकिल यात्रा की हर व्यक्ति सराहना कर रहे हैं।

# संसार में कर्मनिष्ट प्राणी ही सफलता प्राप्त करता है

### कायर कर्महीन प्राणी हमेशा असफल रहता हैः-प्रभा शंकर जी महराज





**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्थानीय भोलेनाथ जी मंदिर जिला चिकित्सालय पन्ना में विगत 15 जनवरी से चल रही राम कथा के सातवे दिन कथा वाचक पंडित प्रभाकर शास्त्री जी महराज ने बड़े ही मार्मिक तथा रोचक ढंग से कथा का वर्णन किया। उन्होने कथा को आंगे बढाते हुए कहा कि जब रावण द्वारा माता जीता का हरण कर लिया तथा भगवान राम की मित्रता सुग्रीव से होने के पश्चात् सुग्रीव ने बानर सेना को सीता जी की खोज के लिए भेजा तो सभी वानर समुद्र किनारे पंहुचकर मंथन करने लगे की आखिर सीता जीक का पता कैसे लगाया जाये, उसी दौरान संपाती गीध द्वारा बताया गया कि सीता जी लंका में अशोक वाटिका मे निवास कर रही है, लेकिन समुद्र की दूरी सोलह योजन है, जिसको पार करना बड़ा मुश्किल है, इसी दौरान जामवंत ने समझाया कि कुछ भी हो प्रयास करना होगा, क्योकि वहीं सफलता प्राप्त करता है जो कर्तृव्य निष्ट हो कर कार्य करता है, क्योकि जीव की मृत्यु तो निश्चित है लेकिन कर्मनिष्ट प्राणी रोता नहीं है और न ही कभी हारता है, इस लिए अपने कर्म को करना चाहीए, सासंरिक प्राणी शांति नहीं पाता, उसे अच्छा काम हमेशा करते रहना चाहीए, तत्पश्चात् हनुमान जी को सीता जी की खोज के लिए भेजा गया और वह लंका पंहुच गये तथा सीता जी की खोज के लिए उन्होने लंका नगरी का भ्रमण किया। तथा विभीषण से मुलाकत करके सीता जी का पता लगा लिया, आंगे कथा वाचक शास्त्री जी महराज ने कहा कि जब हनुमान जी तथा विभीषण का संवाद हुआ तो राम का नाम लेने से ही सारे कार्य पूर्ण हो जाते है, जहर अम्रत हो जाता है, शत्रु मित्र हो जाते है, सुमेर पर्वत जैसा कार्य छोटा हो जाता है, इस लिए कोई भी कार्य भगवान के नाम से करोगें तो उक्त कार्य पूर्ण होने में कोई बाधा नहीं रहेगी, अभीमान और अंहकार छोड़कर भगवान के नाम से कार्य करते रहना चाहीए, उन्होने बताया कि हनुमान जी ने सुग्रीव से कहा कि ज्ञान वान, बुद्धिमान व्यक्ति अपना काम अपनी बुद्धी से करता रहता है जिस प्रकार दांतो के बीच मे रहते हुए भी जीभ सारे काम करती रहती हैं, इस प्रकार उन्होने कथा का वर्णन किया। तथा हनुमान जी से सीता जी की मुलाकात हुई उनका आशिर्वाद लिया तथा वह वापिस भगवान राम से संन्देश लेकर पंहुच गये। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें। तथा बड़े ही मन से लोगो ने कथा का रसपान किया।

# ग्राम पंचायत ललार में व्यापक भ्रष्टाचार

### नवीन तालाब निर्माण के नाम पर बिना काम के निकाल ली राशि

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में ग्राम पंचायतो मे निर्माण तथा विकास कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है, मटेरियल तथा मजदूरी के नाम पर फर्जी बिल बाउचर लगाकर शासकीय राशि हडपने का कार्य किया जा रहा है, तथा उक्त कार्यो में संबंधितो द्वारा बंदर बाट की जाती है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत दूरस्थ अंचल ग्राम पंचायत ललार का प्रकाश मे आया है, जहा पर नवीन तालाब निर्माण के नाम पर दस लाख से अधिक की राशि सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा मटेरियल तथा मजदूरी के बिल लगाकर राशि आहरित कर ली गई है जबकी स्थानीय लोगो ने बताया कि उक्त तालाब में गर्मी के समय सिर्फ दो चार दिन ही काम हुआ था, यहां पर किसी प्रकार का कोई तालाब का निर्माण नहीं हुआ है, जबकी मटेरियल के नाम पर लगभग 8 लाख रूपये की राशि एवं दो लाख रूपये से अधिक की राशि आहरित की गई है। मनरेगा योजना के तहत मजदूरो से कार्य कराने का नियम है, लेकिन मजदूरो से कोई कार्य नही कराया जाता है तथा मशीने लगाकर कार्य कराया जाता है एवं फर्जी वेन्डरो के माध्यम से बिल भुगतान करके राशि को ठिकाने लगा दिया जाता हैं। नियमानुसार साठ प्रतिशत राशि मजदूरी मे खर्च की जानी चाहीए तथा चालीस प्रतिशत मटेरियल मे लेकिन ग्राम पंचायतो मे मटेरियल के ना पर अधिक राशि खर्च की जाती है ललार ग्राम पंचायत में तालाब की मिट्टी हटाने के नाम पर छह लाख से अधिक की राशि के बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित की गई है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले में जांच कराये जाने तथा कार्यवाही करने की मांग की है।



# जनसुनवाई में अचानक पहुंची विधायक निर्मला सप्रे

**-खाद्य, खाद्य नागरिक आपूर्ति पुलिस, पीएचई एवं बीएमओ विभाग के अधिकारी नदारद**

**-सीएमओ को फटकार, शहर में गंदगी, खिलौना गाडियों से क्यों हो रही सफाई**





**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज।बीना।विधायक निर्मला सप्रे इन दिनों जहां क्षेत्र के विकास के लिए विकास यात्राएं आयोजित कर करोड़ों रुपए के भूमिपूजन करा रही हैं वहीं अब उन्होंने शासकीय योजनाओं के परिपालन एवं सरकार द्वारा आमजनता को दी गई सुविधाओं के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का औचक निरीक्षण भी शुरू कर दिया है। तहसील कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक अचानक पहुंच गई, जहां 2-3 लोग ही शिकायत करने मौजूद थे। जनसुनवाई में खाद्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पुलिस, पीएचई विभाग एवं ब्लॉक मेडिकल विभाग के अधिकारी नदारद थे। जिस पर विधायक ने कुछ विभाग प्रमुखों को फोन पर फटकार भी लगाई।

***जनसुनवाई से ज्यादा समस्याएं तो मेरे घर पर आ जाती हैं -***

जनहित में सरकार की मंगलवार जनसुनवाई योजना के अंतर्गत तहसील परिसर में विधायक निर्मला सप्रे ने एसडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई से ज्यादा समस्याएं तो मेरे घर और कार्यालय में आ जाती हैं, इसका सीधा मतलब यह है कि शासन की महत्वाकांक्षी जनहित योजना जनसुनवाई में या तो लोगों को न्याय नहीं मिल रहा या फिर उनकी सुनवाई होती ही नहीं। यही कारण है कि जनसुनवाई के प्रति लोगों का रुझान कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार की जनसुनवाई के लिए लोगों को प्रेरित करें कि वे अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में आएं।

***5 विभाग के अधिकारी रहे गायब, विधायक ने जताई नाराजगी -***

जनसुनवाई में पुलिस विभाग एवं खाद्य विभाग की समस्याएं आने पर विधायक ने पूछा कि कौन-कौन विभाग के अधिकारी नहीं आए हैं तब मालूम चला कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पीएचई विभाग, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग एवं शासकीय चिकित्सालय विभाग सहित 5 विभाग के अधिकारी जनसुनवाई में नहीं पहुंचे। इस पर विधायक ने नाराजगी प्रकट की और फोन पर नाराजगी जताते हुए आगे से जनसुनवाई शिविर में शामिल होने की बात कही।

***सीएमओ को लगाई फटकार - खिलौना गाडियों से क्यों हो रही सफाई, जो लोड भी नहीं उठा पाती -***

इस मौके पर शहर की सफाई व्यवस्था पर तीखी नाराजगी जाहिर करते हुए विधायक ने सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया से कहा कि पूरे शहर में सफाई व्यवस्था अस्त-व्यस्त हैं मैं स्वयं शहर में घूमी हूं आपने खिलौनो जैसी 4 गाडियां कचरा एकत्रित करने के लिए लगाई हैं जो कचरे का लोड भी नहीं उठा पाती और उनकी बैटरी रास्तें में ही बोल जाती है। ऐसा नहीं चलेगा इस पर सीएमओ ने दो-चार दिन में ही बड़ी गाडियां लाने का आश्वासन दिया।

***भूमिपूजन कार्यक्रम में कोई भी विभाग नहीं पहुंचता, जनता की आती हैं समस्याएं -***

विधायक ने एसडीएम से कहा कि पिछले कई माहों से समीक्षा बैठक नहीं हो पा रही है, 26 जनवरी के बाद प्रत्येक विभाग के प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित करें, विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा और भूमिपूजन के कार्यक्रमों में किसी भी विभाग के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि मौजूद नहीं होते हैं मैं कोई व्यक्तिगत काम से भूमिपूजन कर रही हूं वहां लोगों की कई प्रकार की समस्याएं जिनमें आवास, वृद्धावस्था पेंशन, संबल योजना, विकलांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पात्रता पर्ची जैसी समस्याएं आती हैं लेकिन किसी विभाग का अधिकारी वहां मौजूद नहीं रहता। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें सेवा के लिए चुना है और जनता की सेवा में किसी प्रकार की कोताही मैं भविष्य में बर्दाश्त नहीं करूंगी।

# तन के डॉक्टर के पास नहीं मन के डॉक्टर के पास जाए - श्रमणोंपाध्याय विरंजन सागर

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - जिनेंद्र भगवान की वाणी रूपी औषधि परम औषधि है। जो मन के सभी रोगों को दूर करती है। विपत्ति के समय भगवान की वाणी को याद करो। आपके सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। आप तन के डॉक्टर के पास नहीं, मन के डॉक्टर के पास जाए। एक मां के चार बेटे हैं। भले ही वे सभी अलग-अलग व्यवसाय करते हो। लेकिन उनके पिता तो एक ही होते है। हम परंपराओं में भले ही बंटे हो। लेकिन हमारे पिता आदिनाथ हैं। हम उनकी ही संतान हैं। जिनेंद्र भगवान की वाणी कल्याणकारी वाणी है। सती सीता को जब विपत्ति आई तो उन्होंने घर परिवार को याद नहीं किया। भगवान जिनेंद्र देव के वचनों को याद किया। एक व्यक्ति के कहने पर प्रभु श्री राम ने सीता जी को वन में छुड़वा दिया। तो सीता जी ने श्री राम जी को संदेश भिजवाया कि जैसे दूसरों के कहने पर आपने मुझे जंगल में छुड़वा दिया। ऐसे दूसरों के कहने से तुम देव शास्त्र गुरु को मत छोड़ देना। यह श्रद्धान भगवान के वचनों पर अटूट श्रद्धान था। उसी का प्रतीक है कि हमारी देव शास्त्र गुरु के प्रति श्रद्धा, संसार रूपी समुद्र से पार कराती है। हमें भगवान की वाणी पर श्रद्धा होना चाहिए। हम अलग-अलग भले ही रहे, लेकिन भगवान की वाणी सर्व कल्याणकारी वाणी है।



***श्री तारण तरण जैन चैत्यालय में पहली बार हुआ दिगंबर जैन मुनि का मंगल प्रवचन***

परम पूज्य उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज सुबह सवेरे श्री तारण तरण जैन चैत्यालय पहुंचे। जहां पर तारण तरण जैन समाज के द्वारा उनकी भव्य अगवानी की गई। जगह-जगह परम पूज्य श्री का पाद प्रक्षालन किया गया। तो वही उसके बाद चैत्यालय जी में मंगल प्रवचनों का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में तारण तरण जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

# आगासौद पुलिस को मिली एक बड़ी कामयाबी

## पुलिस ने चोरी की गई ट्रेक्टर ट्राली की बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। बीना - 14 जनवरी की दरम्यानी रात्रि में, ग्राम रसीलपुर चौकी मण्डी बामौरा से फरियादी राघवेन्द्र सिंह दांगी पिता लक्ष्मन सिंह दांगी की ट्रेक्टर ट्राली कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, जो फरियादी ने अपने स्तर पर ट्राली की तलाश करने के बाद 18 जनवरी को चौकी में ट्राली चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई जिस पर अपराध कमांक 14/25 खण्ड 303(2) बीएनएस का अज्ञात चोर के विरूद्ध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।




पुलिस अधीक्षक सागर विकाश सहवाल के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उईके के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी बीना नीतेश पटेल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास के सीसीटीव्ही कैमरे चेक करने पर एक नीले रंग का न्यू हॉलैन्ड कंपनी का ट्रेक्टर चोरी गई ट्राली को ग्राम सनाई तरफ ले जाते हुये दिखा जिसकी आस पास पतारसी करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त चोरी गई ट्राली को अज्ञात चोर टीकमगढ तरफ लेकर गया है, जिसकी तलाश हेतु टीम गठित की जाकर टीकमगढ तरफ रवाना की गई जो मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टैण्ड डिपो के पास टीकमगढ से चोरी गई ट्रेक्टर ट्राली को एवं ट्राली को टोचन कर ले जाने वाले न्यू हालैन्ड कंपनी के बिना नंबर के नीले रंग के ट्रेक्टर को जप्त किया गया। ट्रेक्टर ग्राम जीरोन थाना जाखलोन ललितपुर निवासी मुन्ना उर्फ मुरारी लाल दुबे का होना पाया गया थाना जाखलोन ललितपुर उ.प्र. से जानकारी प्राप्त हुई कि ट्रेक्टर मालिक मुन्ना उर्फ मुरारी दुबे पूर्व में ट्राली चोरी में पकडा गया था, जिसकी तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक राधेश्याम पटेल, चौकी प्रभारी उप निरी मनोज कुमार राय, विवेचक प्रआर0 230 सुशील सिंह चौहान, 1606 जितेन्द्र सिंह गुजर्र, आर. 1742 धमेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# आगे भी हमारी कोशिश रहेगी कि हम सफाई मित्रों के प्रति कुछ बेहतर कर पाएं-लता सकवार

## नगरपालिका ने सफाई मित्रों को वितरित किए ट्रेक सूट

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। सफाई मित्र पूरे शहर की गंदगी को साफ करते हैं। हम उन सभी के आभारी हैं। नगरपालिका इन सभी सफाई मित्रों को आभार स्वरूप ट्रेक सूट प्रदान कर रही है। आगे भी हमारी कोशिश रहेगी कि हम सफाई मित्रों के प्रति कुछ बेहतर कर पाएं। यह बात नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों को ट्रेक सूट वितरण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कही नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों को नगरपालिका अध्यक्ष सहित अन्य ने ट्रेक सूट का वितरण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चिंता हमारी सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और नगरपालिका अध्यक्ष तक सभी अंत्योदय में लगे हुए हैं। राम मंदिर स्थापना के दौरार प्रधानमंत्री ने सफाईमित्रों का सम्मान किया। क्योंकि जिस काम में सभी को कष्ट होता है, उस काम को सफाई मित्र करते हैं। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैयां, संजय सिंह, शुभम तिवारी, जितेंद्र बोहरे, नवीन साहू, करोड़ीलाल यादव, मीना चौबे, गौरी राय, विजय लखेरा, अशोक राय, कैलाश कुशवाहा, बीडी रजक, अंकित पंथी, अतीक खान, चीनू काशिब, सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया सहित अन्य उपस्थित रहे। आखिर में सभी को स्वच्छता की शपथ नपाध्यक्ष द्वारा दिलाई गई।



# प्राथमिक शिक्षक श्री अहिरवार निलंबित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 22 जनवरी। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निहित् प्रावधानो के तहत् प्राथमिक शिक्षक शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला इटवा छक्का, संकुल शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गैसाबाद मनोज कुमार अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री अहिरवार का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड तेन्दूखेंडा नियत किया है तथा शासन नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्तें की पात्रता होगी।

# नायब तहसीलदार श्री गुप्ता रिपोटिंग आफीसर नियुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 22 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नायब तहसीलदार दमोह आशुतोष गुप्ता को प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक मण्डल अभाना का रिर्पोटिंग आफीसर नियुक्त किया है। श्री गुप्ता अपना प्रतिवेदन तहसीलदार दमोह (ग्रामीण) को प्रस्तुत करेंगें ।

# मथुरा - गोवर्धन के मध्य बने कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का समारोह पूर्वक हुआ शुभारंभ




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। ब्रज की धरती चमत्कारी धरती है। यहां की हवा में बांसुरी की धुन बसी है। यहां के कण-कण में राधा-कृष्ण बसे हैं। ऐसी धरा पर कल्याणं करोति का नेत्र संस्थान लाखों लोगों के जीवन से अंधेरा दूर करने का काम कर रहा है। मथुरा में उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ नेत्र चिकित्सा संस्थान संकल्प के दम पर तैयार हुआ है। किसी के जीवन में प्रकाश भरने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। 200 बैड की क्षमता वाला यह संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति करेगा।

यह उद्गार गोवर्धन रोड पर नव निर्मित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने व्यक्त किए। मुख्य अतिथि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है कि तुम 100 हाथों से कमाओ और हजार हाथ से दान करो। संस्थान सचिव सुनील शर्मा जी ने जो सपना देखा उसे साकार किया। वह एक लाख शरीरों को संसार से जोड़ने का काम पूरा कर चुके हैं। 7 करोड़ लोग नेत्र हीन हैं। इनमें से 80 फीसद को उपचार मिला होता तो वह भी दुनिया देख पाते। कल्याणं करोति के इस यज्ञ की रोशनी से लाखों लोग लाभान्वित होंगे। यह नेत्र संस्थान शोध संस्थान बनेगा ताकि दुनिया को लाभ हो। संत गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि यह खाली जेब वाले का चमत्कार है। मथुरा में इतना बड़ा अस्पताल खड़ा कर दिया। किसी के जीवन में रोशनी भरने के समान कोई पुण्य नहीं होता। यह दान देने वालों का प्रकाश है। संकल्प दृढ़ हो तो कुछ भी असम्भव है। संत कौशल किशोर महाराज ने कहा कि शास्त्रों में परोपकार को सबसे बड़ा पुण्य कृत्य कहा गया है। पिता की मृत्यु के बाद बेटे हर जगह से उसका नाम काट देते हैं लेकिन दान दाता का नाम अमर रहता है। रमेश गनात्रा, रमेश उमा गनात्रा फेमिली फाउंडेशन यूएसए के कहा कि संस्थान के समर्पण और सेवा भाव ने हमें यहां आने और सहयोग करने को विवश कर दिया।

डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति सृष्टि की अनूठी कृति है लेकिन इसका आनंद बगैर नेत्रों के नहीं लिया जा सकता है। इस क्षेत्र में कल्याणं करोति का यह नैत्र संस्थान समूचे भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शेखर बजाज चेयरमैन जमुना लाल बजाज फाउण्डेशन, गिरीश त्रिपाठी पूर्व कुलाधिपति बीएचयू एवं जीएलए कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने भी नेत्र संस्थान से लाखों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद जताई। इस दौरान 11बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष बाबा बलराम दास ने कहा कि महामना वहीं हैं जो समाज के काम आएं। कल्याणं करोति सेवा में एकरस थी, है ओर रहेगी।

मेघश्याम सिंह विधायक गोवर्धन ने कहा कि ब्रज में सेवा करना आलौकिक कार्य है। महेशानंद सरस्वती ने कहा कि संस्थान से किसी भी रूप में जुड़ा व्यक्ति पुण्य का भागी है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। संचालन करते हुए समाज के हर वर्ग के सहयोगियों का आभार संस्थान सचिव सुनील कुमार शर्मा ने जताया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश धानुका कोलकाता, नयन दलाल यूएसए, अदिश जैन यूएसए, उमाकांत अग्रवाल, धनेश मित्तल, कल्याण दास अग्रवाल, दीनानाथ अग्रवाल, बीड़ी अग्रवाल, राजेश उनेहिया, राधेश्याम सिंघल, आनंद अग्रवाल, कृष्ण कुमार खण्डेलवाल, रवि मेहरा, अतुल शर्मा वैद्यनाथ, ललित अरोड़ा, ललित ग्रोवर मुम्बई, मीना उमेश शाह, मूलचंद गर्ग, हृदेश शर्मा, प्रवीण भारद्वाज, कन्हैया अग्रवाल, सात्विक उपाध्याय, श्रीमती ब्रजेश शर्मा, प्रीतम चौधरी, केके खण्डेलवाल, निरूपण भार्गव, ज्ञानेंद्र राणा, आनंद शर्मा के देश- विदेश व जनपद के अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

# खजुराहो के ग्राम कुंदरपुरा के माध्यमिक शाला कुदरपुरा में कबीर फाउंडेशन द्वारा कंबल और खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम हुआ सम्मान





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। ग्राम कुंदरपुरा आयोजक- कबीर फाउंडेशन, खजुराहो के राजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा नियंत्रण 10 वर्ष से लगातार कंबल वितरण व खाद्य सामग्री वितरण किया जा रहा है समर्थक- जानी विश्वनाथजगटियानी (हीलिंग लाइव्स) कबीर फाउंडेशन द्वारा गरीब असहाय है लोगों को करीब 100 कंबल बांटे गए वह 8 महिलाओं को आंख बनवाने का भी काम किया गया उन महिलाओं को खाद्य सामग्री भी दी गई और कुंदरपुरा ग्राम के गांव माध्यम शाला स्कूल मैं कबीर फाउंडेशन द्वारा स्कूल प्रांगण में बोर की व्यवस्था की पानी की व्यवस्था करवाई गई जिसका आज शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि द्वारा आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल जनप्रतिनिधि आशाराम पाल एवं अशोक कुमार दुबे, आकाश दुबे, भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर ,मनोज सिंह चंदेल,करण साहू, बिहारी आदिवासी.सचिन कुशवाह,माध्यमिक शाला कुदरपुरा मनोज कुमार गुप्ता प्रधानाध्यापक,शिक्षक महादेव रैकवार,चेनू कोदर ,प्रमोद दुबे तेजप्रकाश साहू इत्यादि लोग सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के दो छात्र-छात्रा राज्यपाल ने किए सम्मानित

## लखनऊ के राजभवन में आयोजित की गई पांच प्रतियोगिताएं



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सचिवालय द्वारा प्रदेश स्तर के कंपीटीशन प्रदेश के विश्वविद्यालय में आयोजित कराए गए थे इसमें प्रदेश की 34 विश्वविद्यालय को 6 अलग-अलग ग्रुप में रखकर पहले महाविद्यालय स्तर पर और फिर ग्रुप स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं कराई गई।

लखनऊ स्थित राजभवन में इन कार्यक्रमों की फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में संविधान संस्थान के छात्र विकास पालने मोनो एक्ट प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान तथा भाषण प्रतियोगिता में इशिता सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

_भाषण, एकल नाट्य प्रतियोगिता, कविता लेखन, निबंध लेखन और देशभक्ति गीत गायन आयोजित की गई। राजभवन में आयोजित अंतिम फाइनल स्टार की प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर से 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें वेटरनरी विश्वविद्यालय के चार छात्र सम्मिलित हुए। पांच में से चार प्रतियोगिताओं में वेटरनरी विवि के छात्रों में भाग लिया। इनमें से दो छात्रों ने प्रदेश स्तर पर गान किया। विश्वविद्यालय से छात्रों की तैयारी और स्पर्धा में प्रतिभा करने हेतु डॉक्टर बरखा शर्मा और डॉक्टर रजनीश सिरोही के नेतृत्व में टीम भेजी गई थी।

# गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब का मनाया गया स्थापना दिवस

## पत्रकारों का भविष्य उनकी कलम तय करती है-विधायक राजेश



बिजावर। गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब की स्थापना दिवस के अवसर पर बिजावर स्थित अटल सभागार में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिजावर क्षेत्र के विधायक राजेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम में गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गंगेले, वरिष्ठ पत्रकार श्रवण गौरव, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, संरक्षक केशव शर्मा, सागर संभाग अध्यक्ष राधे यादव, जिला अध्यक्ष भरत यादव और महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी राजकुमार बागरी मौजूद रहे।

बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि जब मैं घर से निकला था तो मन में भाव आया था कि आज सभी पत्रकारों से मुलाकात होगी लेकिन आने पर पता चला कि पत्रकारों के भी अलग-अलग संगठन हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ होता है इसलिए पत्रकारों का भविष्य उनकी कलम तय करती है। उन्होंने कहा कि हर आदमी न्यूज़ देखता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि आने वाले दिनों में जिले के सभी पत्रकारों का सम्मेलन बुलायें। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि नकारात्मक पत्रकारिता के साथ-साथ सकारात्मक पत्रकारिता अपनाते हुए सच्चाई दिखाएं। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर को साक्षी मानकर अपने क्षेत्र में विकास कार्य कर रहा हूं। गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब के इस मंच से पत्रकारों के साथ शिक्षकों, नगरपालिका कर्मचारियों व समाज सेवा करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को बिजावर ब्लॉक के अध्यक्ष हृदेश मंगली और उनकी टीम के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को श्रवण गौरव वरिष्ठ पत्रकार, संभाग अध्यक्ष राधे यादव, जिला अध्यक्ष भरत यादव, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी राजकुमार बागरी, बिजावर के पत्रकार रवि तिवारी, शरद अग्रवाल ने संबोधित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष संतोष गंगेले कर्मयोगी ने किया। गौरिहार और लवकुशनगर तहसील एवं अन्य जगहों से आये हुए पत्रकारों का सम्मान किया गया।

# जिले में तैयार हुए 8 आधुनिक सीएम राइज विद्यालय

## डिजिटल लाइब्रेरी और एआई लैब जैसी सुविधाओं से लैस हैं नए भवन



छतरपुर। मध्यप्रदेश सरकार, सीएम राइज योजना के जरिए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों को केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर विकसित करने की मंशा से नवीन सीएम राइज विद्यालयों का निर्माण कराया जा रहा है। छतरपुर जिले में योजना के प्रथम चरण में कुल 8 ब्लॉक स्तरीय आधुनिक सीएम राइज विद्यालय तैयार किए जा रहे हैं, जो जल्द ही बनकर तैयार होने वाले हैं। संभवतः अगले शैक्षणिक सत्र से इन नवीन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरु हो जाएगा और यहां के विद्यार्थी प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों की बराबरी करते नजर आएंगे।

मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के उप महाप्रबंधक चंद्रमणि मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सीएम राइज योजना के पहले चरण में जिले के सभी ब्लॉक में एक-एक आधुनिक सीएम राइज विद्यालय बनाया जा रहा है, जिनमें से ज्यादातर विद्यालयों का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित सीएम राइज विद्यालयों में कवर्ड कैंपस, स्मार्ट रूम, स्मार्ट क्लास, आईटीसी लैब (कम्प्यूटर लैब), म्यूजिक रूम, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम, क्रिएटिव थिंकिंग एरिया, डांस रूम, मल्टीपरपज हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी, एआई लैब, फायर सिस्टम जैसी तमाम आधुनिक सुविधाओं को शामिल किया गया है। श्री मिश्रा ने बताया कि नौगांव और छतरपुर के भवन पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, यहां फिनिशिंग का कार्य चल रहा है जो अगले 1 से 2 माह में पूरा हो जाएगा। इसके अलावा बिजावर, बकस्वाहा, चंदला और राजनगर के विद्यालयों का कार्य भी 80 फीसदी पूर्ण हो चुका है। बड़ामलहरा और बारीगढ़ के भवनों का कार्य देरी से प्रारंभ होने के कारण अभी 50 से 60 फीसदी पूरा हुआ है।

### कहां, कितनी लागत से बन रहे भवन

उप महाप्रबंधक चंद्रमणि मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर छतरपुर ब्लॉक के लिए बनाए जा रहे आधुनिक सीएम राइज विद्यालय के भवन का निर्माण 32 करोड़ 99 लाख की लागत से किया गया है, जबकि नौगांव ब्लॉक के विद्यालय की लागत 27 करोड़ 7 लाख है। इसी तरह बिजावर ब्लॉक में 24 करोड़ 36 लाख, बकस्वाहा में 25 करोड़ 94 लाख, बारीगढ़ में 31 करोड़ 67 लाख, चंदला में 28 करोड़ 66 लाख की, राजनगर में 29 करोड़ 2 लाख और बड़ामलहरा में 29 करोड़ 43 लाख की लागत से आधुनिक सीएम राइज विद्यालय भवन बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी भवनों की समय-समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है, ताकि भवन की गुणवत्ता और सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न हो।

# तीन दिन से खराब पड़ी जिला अस्पताल की एक्स-रे मशीन

## सुधरने में लगेगा 10 दिन का समय, मरीज हो रहे परेशान




*छतरपुर। जिला अस्पताल की एक्स-रे मशीन में तकनीकि खराबी आने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों ने बताया है कि मशीन खराब होने के कारण वे मजबूरन बाहर से एक्स-रे करवा रहे हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधन से जानकारी मिली है कि एक्स-रे मशीन को सही होने में लगभग 10 दिन का समय लगेगा।*

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले तीन दिनों से जिला अस्पताल की एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हुई है। मशीन की प्लेट खराब होने के कारण एक्स-रे नहीं हो पा रहे हैं और मरीजों को अस्पताल के बाहर से पैसे खर्च कर एक्स-रे कराने पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल के रेडियोग्राफर गौरव गोस्वामी ने बताया कि मशीन खराब होने की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा चुकी है, अगले एक-दो दिन में इंजीनियर के आने की संभावना है, जिसके बाद मशीन का सुधार कार्य होगा। उन्होंने बताया कि एमएलसी और इमरजेंसी के मरीजों के लिए एक्स-रे की वैकल्पिक व्यवस्था रखी गई है, शेष मरीजों को अभी बाहर से एक्स-रे कराने पड़ रहे हैं।

## बारात से लौटे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पाय में 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शौकीलाल पुत्र दीनदयाल अहिरवार उम्र 30 के परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार को अपने चचेरे भाई की बारात में गया था। देर रात शराब के नशे में घर लौटने के बाद उसने घर के बाहर लगे पेड़ से फांसी लगा ली। चूंकि पत्नी सीमा ने उसे तुरंत ही देख लिया था, जिस कारण से परिजन उसे आनन-फानन में फंदे से उतारकर राजनगर अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बुधवार की दोपहर में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। राजनगर थाना प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि मामले की बरीकी से जांच की जा रही है।



# अवैध हथियारों के व्यापार में लिप्त 65 बदमाशों की हो रही निगरानी

छतरपुर। पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। शस्त्र विक्रय एवं शस्त्र निर्माण करने वाले वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जारी है।



जिले में अवैध हथियार फैक्ट्री का संचालन एवं विक्रय करने वाले 65 अपराधियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें लवकुशनगर अनुभाग के 38, नौगांव अनुभाग के 11, छतरपुर अनुभाग के 8, बिजावर अनुभाग के 3 और खजुराहो अनुभाग के 5 बदमाश शामिल हैं। विभाग द्वारा बताया गया है कि इन बदमाशों को थाने में बुलाकर उनकी निगरानी की जा रही है, साथ ही उनके मूवमेंट पर भी नजर रखी जा रही है। उनकी संपूर्ण गतिविधियों की जानकारी एकत्र कर डोजियर तैयार किया जा रहा है। छतरपुर जिले से बाहर के अपराधियों की जानकारी भी एकत्र की जा रही है।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत



बमीठा। बागेश्वर धाम के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन से कटा एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गयी। बमीठा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे राजनगर स्वास्थ्य केंद्र में रखवा दिया है तथा मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की मौत प्रयागराज एक्सप्रेस से कट जाने से हुई है। उसकी उम्र करीब 28 वर्ष होगी फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# गहोई धाम में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस



*छतरपुर। परमपूज्य संत आशाराम बापू की प्रेरणा से योग वेदांत सेवा समिति द्वारा गहोई धाम में मातृ-पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गहोई समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने माता-पिता का पूजन किया।*

ज्ञात हो कि पाश्चात संस्कृति से अभिभूत होकर 14 फरवरी को बेलेन्टाइन डे के रूप में मनाये जाने की प्रथा का उन्मूलन करने एवं समाज में फैल रही विकृत मानसिकता को समाप्त करने बापू ने मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया था। इस साल भी यह कार्यक्रम एक माह पहले से विभिन्न संस्थाओं एवं समाजों के सहयोग से शुरू किया गया है बापू के अनुयायी देशभर में मातृ-पितृ पूजन करके पाश्चात संस्कृति को भारत से भगाने में निरंतर प्रयासरत हैं इसी के तहत विगत 21 जनवरी को गहोई धाम में चल रहे गहोई महोत्सव में आशाराम बापू के अनुयायियों ने मातृ-पितृ पूजन करवाया जिसकी समाज में भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321